माहिम-सात्विक मिस्टर फ्रेशर तथा संजना-अंशिका चुनी गईं मिस फ्रेशर

December 27, 2022 1 minute read

Spread the Love!

एसएमएस लखनऊ में आगमन-2022′ का रंगारंग आयोजन

लखनऊ : स्वागत की प्राचीन संस्कृति को ध्यान में रखते हुए स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ ने सोमवार को नवागत विद्यार्थियों के लिए 'आगमन-2022' कार्यक्रम का आयोजन किया। नव प्रवेशित बालक-बालिकाओं को एक-दूसरे से परिचित कराने की मंशा से कई प्रतियोगिता के साथ-साथ सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। सुबह 11 बजे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। सचिव एवं सीईओ शरद सिंह, निदेशक प्रो. (डॉ.) मनोज मेहरोत्रा, महानिदेशक (तकनीकी) प्रो. (डॉ.) भरतराज सिंह, एसोसिएट डायरेक्टर प्रो. धर्मेंद्र सिह, डीन-छात्र कल्याण, डा. पी.के. सिह, डीन-ईंजीनियरिंग, डा. हेमंत कुमार सिह, प्राचार्य, भटनागर आदि उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहे।

संस्थान के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यदि हमारे देश के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहे तो शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्वस्थ मस्तिष्क की नींव रखी जाएगी। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) मनोज मेहरोत्रा ने कहा कि हमारे संस्थान ने 2008 से लगातार छात्रों को तकनीकी और प्रबंधकीय क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान की है, जिससे वे विभिन्न क्षेत्रों में काम करके राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। हमारा लक्ष्य इन नए विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देना है ताकि वे देश की सेवा भी कर सकें। प्रो. (डॉ.) भरतराज सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि कड़ी मेहनत के अलावा शिक्षा प्राप्त करने का कोई दूसरा तरीका नहीं है ।

इस अवसर पर संस्थान ने मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर के लिए नए चेहरों के बीच सोलो सिंगिंग, सोलो डांसिंग, ग्रुप सिंगिंग, ग्रुप डांसिंग और रैंप वॉकिंग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम में 2000 से अधिक छात्र—छात्राओं ने भाग लिया। माहिम (पीजी) और सात्विक (यूजी) मिस्टर फ्रेशर और संजना (पीजी) और अंशिका (यूजी) मिस फ्रेशर प्रतिभागियों में से चुनी गईं।

Link: https://ujjawalprabhat.com/mahim-satvik-mr-frasher-and-sanjana-amksika-elected-miss-frasher/644588/